FORM NO.III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी जिला जोधपुर

राजस्व विविध प्रार्थना पत्र संख्या : 39/2025 (2025/112)

प्रार्थी — अप्रार्थी

मांगाराम — बनाम — ओमाराम वगैरा

किस्म मुकदमा– प्रार्थना पत्र अन्तर्गत अन्तर्गत धारा 251 (ए) राजस्थान काश्तकारी अधिनियम

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
17-12-25	पत्रावली पेश हुई। पत्रावली में तहसीलदार लूणी के पत्रांक/भू.अ./2025/3189 दिनांक 27.10.2025 के द्वारा मौका रिपोर्ट प्राप्त हुई। मौका रिपोर्ट में बताया कि प्रार्थी व अप्रार्थी द्वारा चाहा गया गैरमुमकिन रास्ता धांधिया से दुंधली डामर सड़क से ग्राम देवपुरा में आने जाने का रास्ता मौके पर पूर्व में उपलब्ध है। एवं पूर्व में प्रार्थी के खाते में भू राजस्व अधिनियम की धारा 131, 132 के तहत रास्ते के आदेश होने से रास्ता दर्ज किया जा चुका है। व प्रार्थीगण द्वारा ग्राम देवपुरा में आने जाने हेतु खसरा नं. 251, 244, 253/4 में से चाहा गया रास्ता पूर्व में 30 फूट चौड़ा रास्ता कायम किया जा चुका है। एवं प्रकरण खारिज योग्य प्रतीत होने से निस्तारित किया जाना उचित है। तहसीलदार लूणी की मौका रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251 (ए) खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, लूणी	